
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



• वर्ष : 13 • • अंक 149 • • 31, अक्टूबर 2017 • • मूल्य : 20/– •

**श्री** जिनके संग चलती, हृदय में करूणा का भान होता है
ऐसे मानवता के मसीहा से ही, मनुष्यता का सम्मान होता है

**भ** भरोसा बने दीन हीन के दिया सम्बल लाचार को।
कौन भुला सकता है, इस महात्मा के उपकार को॥

**ग** गरीबों को सेवा हेतु नेत्र चिकित्सा शिविर लगवाएं।
जन–जन में किया शिक्षा का प्रचार ज्ञान के दीप जलाए॥

**वा** वाटिका शिशुओं को खोलकर, अनूठा प्रयोग किया।
ममता विहिन बचपन को, आपार वात्सल्य दिया॥

**न** नवजीवन संस्थान कहती आपकी कहानी है।
इस धरती पर देवतुल्य हुआ कोई प्राणी है॥

**सिं** सिंह की भांति कर्म पथ पर बढ़ते गए।
मानव उपकार की मिसालें गढ़ते गए॥

**ह** हर निःशक्त के लिए बने एक मजबूत सहारा।
वृद्धों हेतु बनाया, वरिष्ठ नागरिक सदन प्यारा॥

**प** पर पीड़ा को ही जानी सदैव अपनी पीड़ा।
निर्बल को सम्बल देने का उठाया आपने बीड़ा॥

**रि** रिक्त नहीं होने दिया मानवता को इस धरा से।
आप सच्चे लाल है इस पावन मरूधरा के ॥

**हा** हाथ में लिया जो काम, उसको पूरा कर दिखलाया।
नशा नाश का घर है, जन–जन को यह समझाया॥

**र** रग–रग आपकी जैसे परमार्थ के गीत गाती है।
आप जैसे भूमिपूत्रों से ही गौरान्वित मरूधरा की थाती है॥

## मानवता के मसीहा मारवाड़ के समाज रत्न

ममता विहिन बचपन को, आपार वात्सल्य प्रदान करने एवं निर्बल को सम्बल देने ,पर पीड़ा को ही अपनी पीड़ा मानने वाले



कर्मयोगी

## स्व. श्रीमान भगवान सिंह परिहार

### के 89 वें अवतरण दिवस

दिनांक : गुरूवार, 12 अक्टूबर, 2017



अपने यश शरीर से जनसाधारण के दिलों में सदैव विराजमान स्वर्गीय बाऊजी के त्याग, तपस्या, सेवा तथा कर्मप्रधान जीवन से सद्प्रेरणा लेकर समाज सेवा के पुनीत कार्यों में सहभागी बनने का संकल्प ले पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

नवजीवन संस्थान परिसर में समाज गौरव कर्मयोगी स्वर्गीय श्री भगवान सिंह परिहार के अवतरण दिवस पर मूर्ति प्रतिष्ठा करतेमहंत श्री रामप्रसाद जी महाराज, संत श्री कृपारामजी, संत श्री हरीरामजी, विधायक कैलाश भंसाली, माली महासभा प्रदेश चेयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा एवं संस्था प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार।

# समाज गौरव कर्मयोगी श्री भगवान सिंह परिहार के अवतरण दिवस पर आयोजित समारोह की झलकियां



समारोह को संबोधित करते महंत रामप्रसाद जी महाराज, संत श्री कृपाराम जी महाराज, संत हरीराम जी महाराज, संत अचलनाथ जी महाराज



विशेष सहयोग कर्त्ताओं मनीष गहलोत ( माली सैनी संदेश ), राजेश गहलोत ( सत्पत् सोसायटी ),
नाथुसिंह एवं यश सोलंकी ( रक्तदान शिविर ) का सम्मान करते महापौर श्री घनश्याम औझा व विधायक कैलाश भंसाली



विशेष सहयोग कर्त्ताओं के साथ ही श्री जगदीश देवड़ा ( प्रेस फोटोग्राफ ) एवं श्री हरीश गहलोत ( मिडियाकर्मी ) का सम्मान करते प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार




रक्तदान रजिस्ट्रेशन में उमड़े युवा



रक्तदान करती युवतियां

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :13 ● अंक 149 ● 31, अक्टूबर 2017 ● मूल्य : 20/- प्रति ●

सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## समाज के आगामी मुख्य आयोजन




- सम्पादकीय
- समाज बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें - संत रामप्रसाद जी महाराज
- पहली बार आयोजित दशहरा महोत्सव में उमड़ा पूरा मंडोर क्षेत्र, दशानन का अहंकार ध्वस्त
- आज मैं जो भी हूं बाऊजी के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से बना - महापौर घनश्याम औझा
- हरिद्वार धर्मशाला की आम सभा में भामाशाहों का सम्मान एवं बजट पेश
- बालिकाओं के शिक्षित होने से ही समाज व देश की तरक्की - शोभारानी
- समाज को राजनीतिक स्तर पर भी विशेष पहचान की जरूरत- श्री राजेन्द्र गहलोत
- जोधपुर में 17 वर्ष पूर्व स्थापित सावित्री बाई फूले महिला
- महाविद्यालय संस्थान पदाधिकारियों की लापरवाही से हुआ बंद
- मातृश्री शरण ने बनाया अपना वार्षिक दीपोत्सव
- पद्म श्री स्वर्गीय श्री नेकचंद सैनी का मिनी रॉक गार्डन अब सर्बिया में दिखेगा
- कैरियर बनाने के लिए जागरूकता व नियमित अध्ययन जरूरीः मुकेश सोलंकी
- 435 से अधिक सांप व कई जंगली जीव पकड़ने वाले टार्जन कैलाश सैनी की खूबी
- कोचिंग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो, युवाओं को मिले फायदा - श्री ओ. पी. सैनी
- झुंझुनूं सैनी समाज ने किया 142 प्रतिभाओं का सम्मान
- कोचिंग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से युवाओं को मिलें फायदा - श्री सैनी
- राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष ने दिलाई सैनी समाज की कार्यकारिणी को शपथ
- माली समाज के गौरव

# समाज का इतिहास....

( समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी – पार्ट 5)

# माली जाति की उत्पति . .

इतिहासविद्
स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....



मनीष गहलोत

भारतीय इतिहार के पृथ्वीराज चौहान की गणना वीर, शौर्यशाली तथा विजेता के रूप में महान् हिन्दू सम्राटों में की जाती है । वह मध्यकालीन भारतीय इतिहास से शक्तिशाली शासकों में था । वह भारत का अंतिम हिन्दू सम्राट् था। उसके पतन के बाद यहाँ प्रथम बार मुस्लिम साम्राज्य की स्थापना हुई ।

मुस्लिम साम्राज्य की स्थापना के पश्चात् यहाँ क्षत्रियों, जो सैनिक रूप से देश की सुरक्षा के लिए सदैव तैयार रहते थे, उनकी सेना का अपार विघटन हो गया। सेना टूट जाने पर हजारों सैनिक बेकार हो गये और उन्होंने अपनी आजीविका के लिए अपनी योग्यता के अनुसार नाना प्रकार के नये धन्धे अपना लिये। इस प्रकार तराईन के दूसरे युद्ध(1192) के दूरगामी प्रभाव पड़े। बाद में 1194 में मुहम्मद गौरी ने कन्नौज के जयचन्द्र नामक स्थान पर हराया।गाहड़वाल सेना पराजित हुई और जयचन्द्र मारा गया। आक्रामकों ने उसके बाद बनारस को लूटा और वहाँ के 1000 मन्दिरों को ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं।

इस प्रकार चन्द्रावर युद्ध का परिणाम भारत के विरूद्ध पुनः निर्णायक रहा। तराईन के युद्ध व चन्द्रावर के युद्ध के पश्चात् क्षत्रियों का जो पतन आरम्भ हुआ, वह आगे भी चलता ही रहा। आज विभिन्न जातियों में क्षत्रियों के जो विभिन्न गोत्र पाये जाते हैं, वे सब उन्हीं क्षत्रियों के वंशज हैं जिन्होंने अपनी सुविधा के अनुसार आजीविका अपनाते हुए भी अपने गोत्र अपनाये रखे। वास्तव में वे मूल रूप से क्षत्रिय ही है।

उस समय अजमेर के निकट बागवानी से आजीविका अपनाने वाले क्षत्रियों ने पुष्कर तीर्थ पर माघ सुदी 7 वि.सं. 1257 (शुक्रवार 12 जनवरी 1201) को एक सभा आयोजित की जिसकी अध्यक्षता अजमेर के चौहान कुसुमा के पुत्र महादेव द्वारा की गई ।

**चौहानों के नख हैं**– अजमेरा, निरवाण, सिंघोदिया, जंवूरिया, सोनिगरा, बागड़िया, इन्दौरा, गढ़वाल, पीलकनिया, खंडोलिया, भवीवाला, मकडाणा, कंसूभीवाल, बूभणा, सतरावल, सेवरिया, जमलापुरिया, भराडिया, सांचोरा, बानलेचा, जेवरिया, जोजावरिया, खावरिया, वीरपुरा, पाथरिया, मंडोवरा, अधूंध्या सुधरवा, किरोड़वाल, किरमी, बडखेडा, मनावस्या और देवड़ा ।

### देवड़ा

चौहानों की एक खांप देवड़ा है। सांभर के चौहानों की एक शाखा नाडोल में राज्य करती थी। इस शाखा के चौहान लाखण के वंश में आसाराव हुआ जिसकी पत्नी वाचाछल देवीस्वरूपा थी। उसके वंशज देवड़ा कहलाये। इन्हीं के वशजों में से लुम्बा ने वि.सं. 1368 में परमारों से चन्द्रावती व आबू छीन लिया। इनके वंशज शिवीभाण ने वि.सं. 1462 में सराणवा पहाड़ी पर दुर्ग बनाकर शिवपुर नामक नगर बसाया जो बाद में सिरोही कहलाया।

### चालुक्य (सोलंकी)

चालुक्यवंशी क्षत्रिय सोलंकी भी कहलाते हैं। इस वंश की उत्पत्ति चन्द्रवंश से हुई है। इसकी पुष्टि 'वीर नारायण मंदिर' के अभिलेख कुलौनुंग के ताम्रपत्र और चोलदेव के अभिलेख से होती है। हेमचन्द्र लिखित 'द्वयाश्रय' काव्य में भी चालुक्यों को चन्द्रवंशी लिखा गया है। चालुक्यों को सोलंकी कहलाने का कारण उत्तर के चालुक्यों का 'च' के स्थान पर 'स' का प्रयोग करना है।

अतः चालुक्यों से सालुक्य होकर अंत में सोलंकी हो गया है। विजयचन्द्र (1211–1126) और नरेश था। उसके वंशज चालुक्यों का मूल पुरूष मूलराज (941–996ई.) था। उसके एक वंशज जयसिंह सिंहराज (1094–1142ई.) ने नाडोल (पाली जिला) के चाहमान शासक आशाराज को अपना सामन्त बनाया था। सांभर के शिलालेख से ज्ञात होता है कि सिद्धराज ने शाकम्भरी के अर्णोराज को भी पराजित किया था अतः तभी से ही इस क्षेत्र में चालुक्यों का आवागमन आरम्भ हुआ।

**सोलंकियों के नख हैं – लुदरेचा, लन्धा, लासेचा ।**

क्रमश :........

बच्चों का सम्मान देख माता पिता के खिले चेहरे

# समाज बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें – संत रामप्रसाद जी महाराज

## माली संस्थान द्वारा एम्स के सामने प्रस्तावित आरोग्य भवन का शिलान्यास, महामंदिर में बालिका छात्रावास शुरू





### विशिष्ट सेवाओं के लिए इन्हें मिला सम्मान

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने पर मदन देवड़ा, मोनालिसा सोलंकी, डॉ. आर. के. देवड़ा, टीकमसिंह गहलोत, मनोज टाक, दिलीप गहलोत, मुकेश गहलोत, सुभाष गहलोत, मनोहरसिंह सांखला, केवल गहलोत, मुकेश पंवार, जेठाराम, मुकेश कच्छवाहा, योगेंद्र गहलोत, आशीष परिहार, जयनारायण भाटी, संदीप गहलोत, भवानीशंकर, डॉ. राजेंद्र सांखला, डॉ. कल्पेश पंवार, नथाराम माली, लक्ष्मणसिंह गहलोत, हिम्मतसिंह कच्छवाहा, रामज्योति टाक, माणकराम देवड़ा, मदनलाल देवड़ा, रामनारायण देवड़ा, पुखराज देवड़ा, मीमी देवी गोपालराम सांखला का सम्मान किया गया।

### एम बी बी एस आई आई टी में चयन से गौरव बढ़ाया

एमबीबीएसऔर आईआईटी में चयनित होकर समाज का नाम गौरवान्वित करने वालों का भी सम्मान किया गया। राहुल टाक का आईआईएसईआर पूना में चयन होने पर मयंक टाक का आईआईटी जोधपुर, राजेश सोलंकी आईआईटी जेईई, अजमल सैनी को एनआईटी सूरत, पृथ्वीसिंह सोलंकी भगवानराम सोलंकी का सीए फाइनल में चयन, दिनेश सांखला एनआईटी सूरत, नरेंद्र का डीआरकेएन विश्वविद्यालय में चयन होने पर सम्मान किया। इसी तरह डिंपल देवड़ा, हेमाली सोलंकी, हेतल सांखला, गोविंद देवड़ा, हेमंत कच्छवाहा, हितेश, रितु कच्छवाहा का एमबीबीएस में चयन होने पर सम्मान किया। वहीं डॉ. हिमांगी टाक का एमडी में चयन होने पर, भोमाराम का एम्स रायपुर में एमबीबीएस तथा मयंक भाटी का स्काउटिंग में राज्यपाल रोवर का चयन होने पर सम्मान किया गया।

जोधपुर।मालीसंस्थान की ओर से शनिवार को रामबाग महामंदिर में माली समाज के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह के साथ एम्स के सामने प्रस्तावित आरोग्य भवन का शिलान्यास महामंदिर स्थित बालिका छात्रावास का शुभारंभ किया गया।

समारोह के मुख्य वक्ता बड़ा रामद्वारा के संत रामप्रसाद महाराज ने कहा कि, अन्न जल सेवा से भी बढ़कर शिक्षा सेवा है। किसी को शिक्षित बनाना या शिक्षा देना इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं होती है। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कहते हुए समाज के विकास में शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने माली संस्थान के अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा के बैंकिंग क्षेत्र में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह एक मिसाल बन चुकी है और दूसरे समाज भी इससे प्रेरणा ले रहे हैं।

समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि 130 साल पहले पूर्वजों ने समाज में शिक्षा की जो अलख जगाई थी, वह अब पूरी तरह फैल चुकी है। राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने कहा कि, यह शुभ संकेत है कि यहां 700 प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जा रहा है, इसमें 70 फीसदी लड़कियों की भागीदारी है। माली संस्थान के अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा ने कहा कि मगरा पूंजला स्थित बालिका छात्रावास महामंदिर शिफ्ट होने पर वहां के भवन का उपयोग ग्रामीण क्षेत्र की पांचवीं से दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली बालिकाओं के रहने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अगले साल से शुरू कर दी जाएगी। कार्यक्रम में जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सोलंकी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। संस्थान के मंत्री हनुमानसिंह गहलोत योगेश गहलोत ने आभार जताया। इस मौके पर प्रस्तावित आरोग्य भवन का शिलान्यास किया गया। विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### संस्थान की मेंबरशिप के लिए वेबसाइट लान्च

अतिथियों ने माली संस्थान की ऑनलाइन मेंबरशिप लेने के लिए वेबसाइट लांच की। इस वेबसाइट पर समाज का कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मेंबर बन सकेगा। इसके अलावा मैरिज ब्यूरो में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए बनाई वेबसाइट भी लांच की।

### दो अनूठी मिसाल पेश

अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करने की बजाय पहली बार समारोह में मौजूद लोगों ने खड़े होकर तालियां बजा सम्मान किया। अतिथियों ने भी खड़े होकर उनका अनूठा सम्मान स्वीकार किया।

माली संस्थान के अध्यक्ष देवड़ा का कहना है कि माला एक या दस लोग मिलकर पहनाते हैं, लेकिन यह स्वागत सबने मिलकर किया। इसी तरह सांप पकड़कर समाज की सेवा करने वाले मुस्लिम समाज के मोहम्मद इस्माइल का भी सम्मान कर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की।

श्री नारायण सेवा समिति की ओर से दशहरा महोत्सव के आयोजन में 50,000 लोगों ने भाग लिया

# पहली बार आयोजित दशहरा महोत्सव में उमड़ा पूरा मंडोर क्षेत्र, दशानन का अहंकार ध्वस्त

## आर्यवीरों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, प्रबुद्ध नागरिकों का हुआ अभिनंदन






जोंधपुर। श्री नारायण सेवा समिति की ओर से दशहरा महोत्सव के आयोजन के दौरान सर्व समाज के गणमान्य लोगों को अभिनंदन कर मिसाल कायम की गई। रावण दहन के पहले समिति के अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला संयोजक लक्ष्मणसिंह सांखला की अगुवाई में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल जोशी, मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमानसिंह खांगटा, मारवाड़ कॉमर्स ऑफ चैंबर्स के अध्यक्ष प्रसन्नचंद मेहता, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नरेंन्द्रसिंह कच्छवाहा, प्रजापति समाज के दशरथ प्रजापत, वैष्णव समाज के पवन वैष्णव, सैन समाज के सहदेव (मास्टरजी), वाल्मीकि समाज के राजू सांदड़, पीपा समाज के सोहनलाल का मंच पर साफा दुपट्टा पहना माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। समिति ने समाजसेवी किशनसिंह देवड़ा को तलवार भेंट कर सम्मानित किया।

श्री नारायण सेवा समिति की ओर से मंडोर के चौनपुरा में आयोजित पहले दशहरा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। उन्होंने श्री नारायण सेवा समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मणसिंह सांखला को फोन कर मंडोर क्षेत्र में पहली बार भव्य आयोजन करने सफल बनाने के लिए समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह उनकी टीम को बधाई दी।

श्री नारायण सेवा समिति की ओर से मंडोर के चौनपुरा स्थित अमृतलाल गहलोत स्टेडियम में शनिवार को दशहरा महोत्सव 2017 के आयोजन ने जोधपुर में नया इतिहास रच दिया। महोत्सव में पहुंचे करीब 50 हजार लोग रावण दहन के साक्षी बने। मंडोर स्थित चौनपुरा के अमृतलाल स्टेडियम में रावण दहन का पहला आयोजन ही लोगों की जुबान पर गया। रावण दहन को देखने के लिए मंडोर, चौनपुरा, गोकुलजी की प्याऊ, रामसागर चौराहा, माता का थान, भदवासिया, महामंदिर पावटा सहित समूचे शहर से लोग पहुंचे। इसके चलते 50 हजार लोगों की क्षमता वाला स्टेडियम रावण दहन के पहले खचाखच भर गया। आसपास के मकानों की छतें भी ठसाठस भरी हुई थीं। उत्साह इतना था कि लोगों को जहां जगह मिली, वहां खड़े होकर रावण दहन देखा। गोधूलि वेला में शाम साढ़े 6 बजे सूर्यास्त के ठीक पहले बड़ा रामद्वारा सूरसागर के रामस्नेही संत रामप्रसाद जी महाराज, लालसागर स्थित हनुमान मंदिर के संत रामप्रसाद जी के सान्निध्य और मुख्य अतिथि समाजसेवी किशनसिंह देवड़ा की उपस्थिति में समाजसेवी लक्ष्मणसिंह सांखला ने रिमोट का बटन दबाकर रावण का पुतले के दहन की रस्म अदा की। बटन दबते ही तेज धमाकों के साथ रावण धू-धू कर जलने लगा। रावण के आंखों से अंगारे फूटे और मुंह से ज्वाला निकली। कुछ क्षण तक रावण अट्टहास भरने के बाद आग की लपटों से घिर गया। इसके पहले ठेकेदार छगनीराम गहलोत ने बटन दबाकर कुंभकर्ण का और समाजसेवी ताराचंद सांखला ने रिमोट से मेघनाद का पुतला दहन किया। 60 फीट ऊंचा रावण का पुतला 30-30 फीट ऊंचे मेघनाद कुंभकर्ण के पुतले काफी देर तक जलते खड़े रहे। पावटा से मंडोर तक के लोगों के लिए यह क्षण रोमांचित करने वाला रहा। इस आयोजन में केंन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री गजेंन्द्रसिंह शेखावत, जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी, पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्रसिंह सोलंकी, समाजसेवी किशनसिंह देवड़ा, राजसिको के पूर्व चेयरमैन सुनील परिहार, जोधपुर भवन हरिद्वार के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, जसवंतसिंह कच्छवाह, प्रदेश माली महासभा के चेयरमैन उंकारराम कच्छवाहा, युवा नेता सुभाष गहलोत, पार्षद भीखाराम जाटोलिया श्यामादेवी, पूर्व पार्षद मयंक देवड़ा, श्री नारायण सेवा समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला, मेला प्रभारी सुखसिंह कच्छवाह, दैनिक भास्कर के यूनिट हैड राजेंन्द्रसिंह राठौड़ कार्यकारी संपादक अरविंद चोटिया भी उपस्थित थे।

बैंड-बाजोंऔर हाथी-घोड़ों से सजी रामजी की सवारी निकली तो लोगों ने पूजन कियारू रावणदहन के पूर्व लालसागर स्थित हनुमान मंदिर से अपरातं 4 बजे बैंड-बाजों के साथ भगवान राम की सवारी रावण दहन के लिए चौनपुरा स्थित दशहरा मैदान (अमृतलाल स्टेडियम) के लिए रवाना हुई। हाथी-घोड़ों से सजी







झांकियों के साथ करीब डेढ़ किमी लंबे रास्ते में आर्यवीरों ने व्यायाम प्रदर्शन कर बेहतरीन करतब दिखाए तो लोगों ने करतल ध्वनि से आर्यवीरों का स्वागत किया। समूचे रास्ते में रामजी की सवारी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। लालसागर के हनुमान मंदिर संत रामप्रसाद जी महाराज रथ में सवार थे। राम, लक्ष्मण और हनुमान के पात्र भी दर्शकों में आकर्षण का केंद्र रहे। इसके पहले लालसागर स्थित हनुमान मंदिर में शस्त्र पूजन भी हुआ।

तारों-सितारोंसे जगमग हो उठा आसमान

रावण दहन के साथ ही दशहरा मैदान पर जैसे ही आतिशबाजी शुरू हुई तो आसमान रंगीन हो उठा। शोरगर ने जब आसमान में पटाखे छोड़कर गुलाब का फूल उकेरा तो दर्शक रोमांचित हो उठे। आतिशबाजी के दौरान खजूर का झाड़, कहकशा सहित अनेक आइटम छोड़े तो दर्शकों ने पूरे जोश के साथ तालियों से उत्साहवर्धन किया। रावण दहन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा। रावण दहन के डेढ़ घंटे पहले ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो महज आधे घंटे में हुजूम में तब्दील हो गया। लोग सफल आयोजन को लेकर काफी खुश नजर रहे थे। मंडोर थानाधिकारी मुक्ता पारीक सहित विभिन्न पुलिस अधिकारियों सिपाहियों ने ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला।

**श्री नारायण सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने संभाली कमान**

संयोजक लक्ष्मणसिंह सांखला मेला प्रभारी सुखसिंह कच्छवाह, उपाध्यक्ष प्रेमसिंह गहलोत, प्रचार सचिव भंवरचंद सोलंकी, स्वागत अध्यक्ष हनुमानसिंह मिस्त्री, चेतन गहलोत, अक्षयसिंह टाक, कल्याणसिंह, मोहनसिंह गहलोत, लक्ष्मणसिंह सर, रामेश्वर गहलोत, संदीप परिहार, शैतानसिंह सांखला, ओमप्रकाश गहलोत, हजारीसिंह टाक, तारासिंह, पृथ्वीसिंह, संदीप चौहान राजा, पवन सांखला, डॉ. महेश परिहार, विनोद गहलोत, कुशजीतसिंह, छंवरसिंह कच्छवाह, अनिल कच्छवाह, आनंदसिंह अध्यापक, मनमोहन सांखला, रामेश्वर, जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) प्रेमचंद सांखला, चौनपुरा स्कूल के प्रधानाचार्य गौरीशंकर, पूर्व पार्षद मुकेश गहलोत, भाजपा नेता जुगल पंवार, कांग्रेस नेता जगदीश पंवार, युधिष्ठिरसिंह सहित अनेक लोगों ने भागीदारी निभाई।



समाज गौरव कर्मयोगी स्व. भगवान सिंह परिहार के 89वें अवतरण दिवस पर समाज ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि, 207 युवाओं ने किया रक्तदान

# आज मैं जो भी हूं बाऊजी के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से बना – महापौर घनश्याम औझा







जोधपुर। माली समाज गौरव व जोधपुर के कर्मयोगी बाऊजी के नाम से प्रखाय्त स्व. श्री भगवान सिंह परिहार के 89वें अवतरण दिवस पर नवजीवन संस्थान, जोधपुर में बाऊजी की मूर्ति का लोकार्पण बड़ा रामद्वारा के संत श्री रामप्रसाद जी महाराज, संत श्री कृपाराम जी महाराज, संत श्री हरीराम जी महाराज, संत श्री अचलानंद जी महाराज के सानिध्य एवं जोधपुर के प्रथम नागरिक महापौर श्री घनश्याम औझा, विधायक कैलाश भंसाली, माली महासभा के चैयरमेन श्री ऊंकारराम कच्छवाहा सहित शहर के अनेकों गणमान्य प्रबुद्ध वर्ग के आतिथ्य में किया गया।

संस्थान के प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार, श्री सुरेन्द्र परिहार, श्री चेतन परिहार सहित लवकुश शिशुगृह के बच्चों एवं आस्था वृद्धाश्रम के विरष्ठ जनों ने सभी आंगतुकों का स्वागत किया। समारोह में विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें समाज की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के साथ ही माली समाज के गुरूकुल छात्रवास के लड़कों लड़कियों, बालेसर, तिंवरी, मथानियां इत्यादि क्षेत्रों से आऐ युवक युवतियों ने स्वर्गीय बाऊजी के अवतरण दिवस को यादगार बनानें के लिए 207 यूनिट रक्तदान किया ।

इससे पूर्व मूर्ति अनावरण समारोह में सभी आंगतुकों का संस्था के प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार ने स्वागत करते हुए कहा कि संस्था द्वारा करीब 1600 बच्चों का लालन पालन किया गया है तथा अब तक 1200 लड़के लड़कियों को गोद दिया जा चुका है संस्था परिवार दिव्यांग बच्चों का लालन पालन स्वयं करती है तथा उन्हें गोद नहीं दिया जाता है आपने बताया कि स्व बाऊजी द्वारा 25 वर्ष पूर्व स्थापित इस संस्था में आज समाज के विभिन्न प्रबुद्ध वर्गो एवं समाज सेवियों, दानदाताओं का सहयोग हमें मिलता रहता है तथा संस्थान में पली बड़ी 6 बेटियों का विवाह आगामी 29 अक्टूबर को विधि विधान से होगा जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है। इससे पूर्व भी संस्थान द्वारा 13 लड़कियों का विवाह धूमधाम से किया जा चुका है तथा वे अपने ससुराल में पति व परिवार के साथ मान सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रही है।

संत श्री कृपाराम जी ने स्व. बाऊजी के द्वारा किए गये मानव हितार्थ कार्यो से प्रेरणा लेने की बात कहते हुए कहा कि मैं स्वयं यहां अनेकों बार आता हूं तथा यहां की व्यवस्थाओं एवं बच्चों के लालन पालन में लगी सभी माताओं व स्टाफ के सह्रदय व्यवहार से आनंदित हो जाता हूं यहां आने पर जो शकुन प्राप्त होता है मानो ऐसा लगता है कि स्वयं ईश्वर यहां विराजमान है समाज में अनेकों कार्य होते है लेकिन जो कार्य बाऊ जी ने चुना जिनका इस दुनिया में कोई नहीं उनको पालना तथा उन्हें उच्च शिक्षा के साथ ही संस्कार प्रदान कर अच्छे नागरिक बनाने का वह एक अनूठा कार्य है। इसके साथ ही बाऊजी द्वारा समाज के वयोवृद्ध जो कि अपने परिवार से परिस्कृत कर दिये जाते है उनके लिए आरंभ किए गए आस्था आश्रम में भी उनके लिए समुचित एवं सर्वश्रेष्ठ सुविधाऐं उपलब्ध करा उन्हें परिवार जेसा माहौल उपलब्ध करा कर जोधपुर के इतिहास में अपना नाम सर्वणिम अक्षरों में लिखा दिया हैं

संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने इस अवसर पर स्वर्गीय बाऊजी को संत की उपाधि देते हुए कहा कि गृहस्थ व उद्योग में रहते हुए अनाथ, असहाय व प्रताड़ित किए हुए नन्हें मन्नें अबोध बच्चों का लालन पालन करने का सपना जो बाऊजी ने देखा तथा उसे हकीकत में नवजीवन संस्थान के माध्यम से फलीभूत भी किया है हम उनके इस महान कार्य को नमन करते है तथा ईश्वर से यहीं प्रार्थना करते है कि उनके द्वारा जो पुण्य, मानव धर्म का कार्य किया गया है व निर्विघ्न चलता रहे तथा हम सभी उस में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सदैव तत्पर रहे यहां के लालन पालन से बड़ी हुई लड़कियों के विवाह हेतु पूर्व में भी स्व. बाऊजी ने उत्तम वर को खोज कर उन्हें न केवल दाम्पत्य जीवन का सुख प्रदान किया उसके बाद पीहर पक्ष के सभी रिति रिवाजों को अपना उन्हें कभी अकेले होने का अहसास नहीं होने दिया आज भी यहां से ब्याई लड़कियों हेतु समय समय पर सभी त्यौहारों पर उनके पुत्र पुत्रवधु द्वारा उपहार मिठाईयां भेजी जाती है तथा पीहर आने पर उनका व उनके पति वैसा ही स्वागत सत्कार किया जाता है जैसा की परिवार की बेटी का होता है। हम सभी पूण्य आत्मा को नमन करते हुए उनके दिखाए परमार्थ के कार्यो में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सदैव तत्पर रहेगे।

शहर के प्रथम नागरिक महापौर श्री घनश्याम औझा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने स्व. बाऊजी को अपना पिता माना है तथा आज मैं जो कुछ भी हू वो उन्हीं के कारण हूं उन्होंने अपने जीवन से जुड़ी सच्ची घटना का संक्षिप्त वर्णन कर बताया कि जब मेरे पास रहने को मकान नहीं था तो बाऊजी ने यूआईटी से अलॉट किए अपने प्लॉट जिसकी उस समय कीमत करीब 9 लाख थी लेकिन क्योंकि बाऊजी ने वो प्लॉट यूआईटी से 2.5लाख में ही लिया था इसलिए मुझ से भी उन्होंने 2.5लाख रूपये ही लिए। बाऊजी जी आत्मीयता एवं महानता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने मुझे न केवल प्लॉट दिया उसके निर्माण में भी हर संभव सहायता दी तथा समय समय पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। ऐसी महान आत्मा का पुत्र होने पर मैं स्वयं गौरवान्वित हू। महापौर घनश्याम औझा के साफगोसाई से पाण्डाल में उपस्थित सभी जनों ने मुक्तकंठ से प्रंशसा कर तालियों से अभिवादन किया।

संत श्री हरीराम जी महाराज व संत श्री अचलानंद जी महाराज ने भी इस अवसर पर स्वर्गीय बाऊजी के परमार्थ के कार्यो से सभी को प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ विमल राजदान, मंत्री श्री महेन्द्र लोढ़ा,

इस अवसर पर संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर में सहयोग करने वाले माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, सत्पत् सोसायटी के श्री राजेश गहलोत, सक्रिय रक्तदाता यश सोलंकी, नाथुसिंह सोलंकी का सम्मान किया गया तथा सभी रक्तदाताओं का सार्टिफिकेट, मोमेण्टों एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष मोमेण्टों स्वर्गीय श्री सुधीर परिहार मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से उनके भ्राता श्री युधिष्टर परिहार (परिहार स्वीट्स) एवं श्री मोहनसिंह सोलंकी (लादूसिंह ज्ञानसिंह एण्ड संस) द्वारा अपने पिता की पुण्य स्मृति में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह का सफल आयोजन टीवी कलाकार एवं कवि श्री राम अकेला ने किया जिनका सहयोग श्री आर. के. औझा ने दिया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मण राम टाक, श्री अभिनव परिहार, सौरभ परिहार, श्री शेरसिंह परिहार, श्री अचल सिंह गहलोत, श्री अशोक टाक, श्री रामकिशोर परिहार, श्री अरविंद परिहार सहित अनेकों युवाओं ने शिविर के सफल आयोजन हेतु अपनी सेवाएं प्रदान की। नवजीवन परिवार की ओर से सभी का आभार प्रकट किया गया।







संस्थान की बैठक में पुश्तैनी मकान संस्थान को देने की घोषणा, आठ भामाशाहों का सम्मान

# हरिद्वार धर्मशाला की आम सभा में भामाशाहों का सम्मान एवं बजट पेश





जोधपुर। भाटी मेमोरियल हॉल में अखिल भारतीय माली समाज संस्थान हरिद्वार धर्मशाला जोधपुर भवन की रविवार को वार्षिक आमसभा की बैठक में रावटी निवासी रामस्वरूप गहलोत ने परिवार की सहमति से पुश्तैनी मकान संस्थान को दान देने की घोषणा की। बैठक में समाज के आठ भामाशाहों का अभिनंदन भी किय गया। संस्थान का चुनावी खर्च बचाने के लिए समाज के श्री नरपत सिंह कच्छवाहा ने संस्थान के कार्यकाल को 5वर्ष बढ़ानें का प्रस्ताव किया जिसका अनुमोदन श्री सुभाष गहलोत ने किया सभी की सहमति से संस्थान का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए बढ़ाने की स्वीकृति दी गई। मुख्य अतिथि राजेंद्र गहलोत ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए सभी को संगठित हो कर कार्य करना होगा।

विशिष्ट अतिथि सुनील परिहार ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सर्व प्रथम संस्था का विधि विशेषज्ञों से चर्चा कर रजिस्ट्रेशन करवाना अति आवश्यक है तथा संस्था के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए संविधान के तहत ही कार्य होना चाहिए वर्तमान कार्यकारीणी ने अच्छा कार्य किया है तथा सबकी सहमति से संविधान के तहत चुनाव प्रक्रिया कर चुनावी खर्च को बचाने के लिए सर्व सम्मति से निर्विरोध चुनाव कराये साथ ही धर्मशालाओं के विस्तार के लिए जो भी सहयोग होगा व हम सभी मिल कर करें। इस अवसर पर श्री नरेंद्रसिंह कच्छवाह, डॉ. ओमकुमारी गहलोत, श्री महेंद्र तंवर, श्री सुभाष गहलोत, श्री ऊँकारसिंह कच्छवाह, डॉ. चिमनसिंह परिहार, श्री जसवंत सिंह कच्छवाह ने भी समाजहित में संगठित होकर कार्य करने की बात कही।

इस मौके पूर्व अध्यक्ष श्री खूमसिंह गहलोत, श्री किशोरसिंह परिहार, श्री रामचंद्र परिहार, श्री रणजीतसिंह परिहार, श्री ललित सांखला, श्री श्रीराम गहलोत, श्री पुखराज परिहार, श्री सुखलाल परिहार, श्री कानसिंह गहलोत, श्री हुकमसिंह देवड़ा, श्री भगवान सिंह सांखला, श्री देवाराम सोलंकी, श्री टीकमचंद परिहार, श्री हीरालाल देवड़ा, श्री जुगल पंवार, श्री धनाराम, श्री लूणाराम, श्री गोपीलाल गहलोत, श्री रणवीरसिंह कच्छवाह, श्री ढलाराम गहलोत, श्री प्रेमसिंह गहलोत, श्री भंवरलाल देवडा, श्री प्रेमसिंह देवड़ा श्री बाबूलाल परिहार सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। आम सभा में सभी की सहमति से अहमदाबाद में जोधपुर भवन संख्या 3 का निर्माण शुरू करने का निर्णय लिया गया। संस्थान के मंत्री श्री किशोरसिंह सांखला ने आय- व्यय का ब्यौरा वर्ष 2016-17 के बजट प्रस्ताव पेश किए, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया। अध्यक्ष बाबूलाल पंवार ने संस्थान के कार्यकाल को बढ़ाने पर सभी का आभार जताया।



## -: महत्वपूर्ण सूचना :-

**अत्यंत खेद है कि माली सैनी संदेश पत्रिका का कुछ समय से प्रकाशन में अपरिहार्य कारणों से विलंब होने के कारण पत्रिका समाज के लोगों तक नियमित नहीं पहुंच रही थी। भविष्य में पत्रिका का प्रकाशन निर्विघ्न होगा तथा जिन सदस्यों ने दिसंबर 2017 में सदस्यता ली है उनकी सदस्यता 1 वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है।**

**आपको हुई असुविधा के लिए हम क्षमाप्रार्थी है- संपादक मंडल**

गंगापुर सिटी में माली ( सैनी ) समाज के समारोह में प्रतिभाएं सम्मानित

# बालिकाओं के शिक्षित होने से ही समाज व देश की तरक्की – शोभारानी





गंगापुर सिटी। समय बदल रहा है बालिकाओं के शिक्षित होने पर ही समाज और देश की तरक्की संभव है। सावित्री बाई व महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति के तत्वावधान में माली सैनी समाज के रविवार को मिर्जापुर कन्हैया नगर स्थित सैनी उमा शिक्षण संस्थान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए अतिथि धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा ने यह बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य सलाहकार राष्ट्रीय लोक समाज पार्टी संदीप सैनी, विशिष्ट अतिथि पूर्व क्रीडा परिषद अध्यक्ष शिवचरण सैनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेन्द्र गहलोत, सैनी माली विकास संस्थान सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष भागचंद सैनी थे जबकि अध्यक्षता माली सैनी समाज विवाह सम्मेलन अध्यक्ष रामफूल सैनी ने की।

धौलपुर विधायक शोभारानी ने समाज के लोगों से भ्रूण हत्या पर रोक लगाने का सभी से आव्हान करते हुए कहा कि यदि भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लगाई गई तो फिर बेटियां कहां से आयेगी। विधायक शोभारानी कुशवाह ने कहा कि समाज को एकजुट रहकर राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा । पूरे देश में 15 प्रतिशत समाज होने के बावजूद राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्र में भागीदारी हमें नहीं मिल पाई है, इसके लिए प्रयास करने होंगे ।

पूर्व क्रीडा परिषद अध्यक्ष शिवचरण सैनी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ता है उन्होंने समाज के लोगों से बेटा बेटी में फर्क नहीं करने और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा सम्मानित प्रतिभाए पूर्ण मनोयोग के साथ उच्च शिक्षा के लिए तैयारी करें। समाज की ओर से भी प्रतिभाओं को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान में कई जगह नि:शुल्क शिक्षण व्यवस्था की हुई है । शिक्षा का मतलब सरकारी नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए अपना कैरियर बनाने के लिए सरकारी नौकरी के बजाए प्राइवेट क्षेत्र में भी हम अच्छा कर सकते हैं शिक्षा अध्ययन का कार्य विस्तृत होना अति आवश्यक है शिक्षा के माध्यम से हमें डक्टर, इंजीनियर ,आई ए एस, आर ए एस अन्य कई महत्वपूर्ण सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं पर कमजोर विद्यार्थियों को प्रोफेशनल कोर्स की तैयारी करना अति आवश्यक है। जिससे की वह समय रहते परिवार की परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवसाय शुरु कर सके। इसी तरह मुख्य अतिथि संदीप सैनी ने समाज केलागों से एकजुट व संगठित रहने के साथ साथ शिक्षा को बढावा देने का भी आव्हान किया और कहा कि शिक्षित व संगठित समाज की तरक्की कर सकता है उन्होंने कहा कि समाज को अपनी भागीदारी मजबूती के साथ निभानी होगी।

सवाई माधोपुर सैनी विकास संस्थान के जिलाध्यक्ष भागचंद सैनी ने कहा समाज को आगे बढ़ने में शिक्षा का प्रचार प्रसार करना अति आवश्यक है ।बिना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता।

सावित्री बाई व महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति के अध्यक्ष रामकेश सैनी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 10वी बोर्ड में 280, 12वीं 100 से अधिक बालक बालिकाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्माननित किया गया। इसी तरह कर्मचारी वर्ग के सभी करीब 450 से अधिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी तरह कर्मचारी वर्ग के भी करीब 450 से अधिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज के करीब 150 से अधिक सरपंच, जिला परिषद और पंचायत परिषद और पंचायत समिति सदस्य व पार्षदों का भी अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सावित्रीबाई फुले विकास संस्थान गंगापुर सिटी के अध्यक्ष रामकेश सैनी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आपने सवाई माधोपुर जिले की प्रतिमाओं के लिए समय निकाला उसके लिए गंगापुर सिटी से समाज एवं सावित्रीबाई फुले विकास संस्थान गंगापुर सिटी के समस्त कार्यकारिणी आपका हार्दिक आभार प्रकट करती है ।

कार्यक्रम कें कैलाश सैनी, रेवड़मल सैनी, हरिप्रसाद सैनी, आंनन्दकिशोर सैनी, धर्मेन्द्र सैनी, सुरेन्द्र सैनी, भगवान सहाय सैनी, कन्हैयालाल सैनी आम चौरासी अध्यक्ष गिर्राज सैनी, बत्तीलाल माली, मोहन ठेकेदार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मदनमोहन सैनी, काडूलाल सैनी, सीताराम सैनी, रामसिंह सैनी, रामलाल सैनी, कुंजीलाल सैनी, रामप्रसाद सैनी, कमलेश सैनी, रामकेश सैनी, शिवराज सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।



माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान, पीपाड़ शहर
संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज
माली (सैनी) शिक्षा सेवा संस्थान
पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (राजस्थान)
भूमि दानदाता
माली (सैनी) सेवा संस्थान
सब्जी मण्डी, पीपाड़ शहर
मुख्य अतिथि
श्रीमान अशोक जी गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार
15 नवम्बर 2017, बुधवार
कार्यक्रम अध्यक्ष
श्रीमान प्रभुलाल जी सैनी
कृषिमंत्री राजस्थान सरकार
आमंत्रण पत्रिका
भव्य छात्रावास भवन शिलान्यास
प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन
नैनी बाई का मायरा
- स्थान -
माली (सैनी) छात्रावास परिसर, खेजड़ला रोड़, पीपाड़ शहर
निवेदक
समस्त माली (सैनी) समाज, पीपाड़ शहर, जोधपुर

# ॥ कार्यक्रम ॥



## कलश यात्रा

सोमवार 13 नवम्बर 2017
प्रात: 9:00 बजे से
सब्जी मण्डी से
छात्रावास परिसर तक

## नैनी बाई का मायरा

परमहंस श्री श्री 108 श्री रामप्रसाद जी महाराज
के श्रीमुख से...
सोमवार 13 से 15 नवम्बर 2017
प्रतिदिन प्रात: 11:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक



**नैनी बाई का मायरा का सीधा प्रसारण ईश्वर चैनल पर दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक**
**पुन: प्रसारण साधना चैनल पर 5:00 बजे से | स्थानीय चैनल जय ज्वाला माता केबल पर**

## पूजनीय संतों का सानिध्य

आचार्य श्री श्री 1008
श्री पुरुषोत्तमदासजी महाराज, खेड़ापा

श्री श्री 1008 श्री महामण्डलेश्वर
स्वामी कुशालगिरी जी महाराज, नागौर

श्री श्री 1008 श्री चेतनगिरी जी महाराज
सोजत सिटी

संत श्री श्री 108 श्री तुलसीरामजी महाराज
पलासनी

श्री श्री 108 संत श्री रामरतनजी रामस्नेही
बालेसर

श्री श्री 108 संत श्री भूरदासजी
भोपालगढ़

श्री श्री 108 संत श्री लक्ष्मणदासजी
जोधपुर

श्री श्री 108 संत श्रीरामजी
लवारी

श्री श्री 108 संत श्री हरीरामदासजी (तपस्वी)
जैतारण

# सामूहिक विवाह सम्मेलन

## ॥ मांगलिक कार्यक्रम ॥

**मार्गशीर्ष बदी द्वादशी,
15 नवम्बर 2017, बुधवार**

**बारात स्वागत**
प्रात: 7:00 बजे
छात्रावास परिसर

**तोरण**
प्रात: 8:00 बजे
छात्रावास परिसर

**वरमाला**
प्रात: 8:30 बजे
छात्रावास परिसर

**पाणिग्रहण संस्कार**
प्रात: 9:15 बजे
छात्रावास परिसर

## प्रीतिभोज

**बुधवार, 15 नवम्बर 2017 प्रात: 10:00 बजे से**

**स्थान** **माली सैनी छात्रावास परिसर** | खेजड़ला रोड़, पीपाड़ शहर, जोधपुर

विगत 32वर्षो से सक्रिय छात्र संघ में पदाधिकारी रहे कई प्रशासनिक अधिकारी

# समाज को राजनीतिक स्तर पर भी विशेष पहचान की जरुरत– श्री राजेन्द्र गहलोत





मथानियां। राजसिको के पूर्व चैयरमेन श्री सुनील परिहार ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही समाज का सर्वागीण विकास संभव है। हमें सामूहिक प्रयास करके माली समाज की विशेष पहचान व प्रतिष्ठा बनानी होगी। आज हमें नई सोच, संगठन व नई तकनीक की जरूरत है। युवा वर्ग ऐसे कार्यो के लिए आगे आये। परिहार क्षेत्र के चौपासनी चारणान पंचायत भवन के पास माली छात्र संघ 16 खेडा के 33वां वार्षिक सम्मेलन व प्रतिभावान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि समाज के सामाजिक व आर्थिक रूप से संगठित होने के साथ राजनीतिक स्तर पर भी विशेष पहचान की जरूरत है। समाज हित में सामूहिक निर्णय होना चाहिए।

प्रदेश माली सैनी महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाह ने कहा कि युवा नशा प्रवृति से दूर रहे। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट बंशीलाल कच्छवाह ने कहा कि माली समाज को नैतिक मूल्यों व संस्कारवान बनाने के लिए युवा वर्ग सामूहिक प्रयास करें।

समारोह में माली छात्र संघ के संस्थापक सर्वश्री प्रेमसुख कच्छवाह, जुगाड़ी बोस केवलचन्द, माली समाज के अध्यक्ष श्री प्रेमसिंह परिहार, जिला परिषद सदस्य श्री अरविन्द सांखला, श्रीमती दिव्या सांखला, बालरवा के पूर्व सरपंच श्री बाबूलाल परिहार, शिक्षक नेता श्री बालकिशन परिहार सहित छात्र संघ के पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। माली छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अजित कच्छवाह युधिष्ठर ने बताया कि समारोह में शिक्षा, खेल कूद सरकारी नौकरियों इत्यादि में प्रतिभा दिखाने वाले 300 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

**ये थे मौजूद :** समारोह में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील किसान श्री मदन देवडा, डॉ. दिनेश गहलोत, सरपंच श्री जयनारायण गहलोत, श्री चन्द्रसिंह देवडा, श्री सरपंच रामकिशोर टाक, पूर्व सरपंच श्री पाबूराम गहलोत, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिनेश परिहार, भावना परिहार, नवचयनित आरएएस अधिकारी अणदाराम, फल सब्जी मंडी डायरेक्टर श्री संजय परिहार, श्रीकरणी सोसायटी चेयरमेन श्री माणकलाल परिहार, भूमि विकास बैंक जोधपुर के डायरेक्टर श्री वीराराम सांखला, रतनाराम,माली छात्र संघ के रामकिशोर परिहार, छवरसिंह, केवलचन्द, चिमनाराम, नरपतसिंह सहित 16 खेड़ा के प्रबुद्धजनों व युवाओं ने भाग लिया।

**माली छात्र संघ के कोष में 9.50 लाख रूपये एकत्रित :** समारोह में माली छात्र संघ कोष में समाज के लोगों ने दिल खोलकर राशि भेंट की। छात्र संघ कोषाध्यक्ष प्रवीण कच्छवाह ने बताया कि समाज के छात्रों को हाइटेक तकनीकी शिक्षा व समाज के लिए एक एक करके अनेक भामाशाह लोगों ने 9.50 लाख रूपये की राशि भेंट करने की घोषणा की।

पूर्व में समारोह का शुभारंभ संत लिखमीदास महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्रों पर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सफल संचालन शिक्षक नेता महेन्द्र टाक व अजित कच्छवाह ने किया।





### 83 वर्ष पूर्व बालिका शिक्षा को समर्पित शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों की मनमानी के चलते

# जोधपुर में 17 वर्ष पूर्व स्थापित सावित्री बाई फूले महिला महाविद्यालय संस्थान पदाधिकारियों की लापरवाही से हुआ बंद

जोधपुर। जहां एक और समाज के सभी आयोजनों में हम सभी बड़े गर्व से माता सावित्री बाई फूले का भारत की प्रथम महिला शिक्षिका से स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते है तथा सभी सामाजिक आयोजनों में सावित्री बाई फूले के शिक्षा के प्रति दिए गये योगदान की जानकारी समाज को देते है वहीं दूसरी ओर जयनारायण वयास विश्वविद्यालय से स्थाई मान्यता प्राप्त सावित्री बाई फूले महिला महाविद्यालय को अचानक प्रंबधन ने बंद कर दिया तथा प्रवेशिक्ष छात्राओं के लिए मुसीबल खड़ी कर दी। महाविद्यालय के प्रंबधन ने छात्राओं को अन्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए मजबूर कर दिया। ज्ञात रहे इस महिला महाविद्यालय को श्री अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री कार्यकाल में अनेकों कठिनाईयों के बावजूद स्थाई मान्यता प्रदान की गई थी लेकिन महाविद्यालय प्रंबधन ने बिना समाज की मिटिंग लिए 17 वर्ष से चल रहे महाविद्यालय को एकदम से बंद कर दिया। महाविद्यालय में द्वितीय व तृतीय वर्ष की 18 छात्राएं प्रवेशित थी, मगर महाविद्यालय को बंद करने के दौरान इन छात्राओं के भविष्य को लेकर कोई गंभीरता ही नहीं बरती गई।



यहां के प्रंबधक समिति ने स्वयं विश्वविद्यालय को प्रार्थना पत्र दे इस महाविद्यालय को बंद करने की मांग कर डाली। माली सैनी संदेश को समाज के जागरूक युवाओं श्री धमेन्द्र सांखला एवं पंकज सांखला ने बताया तो सभी ने मिलकर प्रंबध समिति के श्री महिपाल सिंह परिहार एवं अन्य पदाधिकारियों से इस संबध में बात कर महाविद्यालय को विधिवत चलाने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात भी कही।

**यहां तक कि अगर वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारी इस महाविद्यालय को चलाने में सक्षम नहीं है तो हम इस महाविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए तैयार है यह भी बात समिति को लिखित में दी गई थी। लेकिन समिति ने इसमें किसी प्रकार की न तो सहमति जताई न ही जवाब देना उचित समझा। वर्तमान में अगर इस महाविद्यालय की छात्राओं का अन्य कॉलेज में ट्रांसफर हो जाता है तो इससे 83 वर्षो पूर्व हमारे पूर्वजों के द्वारा बालिका शिक्षा के लिए आरंभ किए गए वैदिक कन्या शिक्षण संस्थान की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचेगी साथ ही समाज की भी बदनामी होगी क्योंकि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले के नाम से संचालित शिक्षण संस्थान का बंद होना हमारे लिए शर्मनाक है कार्यकारिणी को यह निर्णय लेने से पूर्व संस्थान की साधारण सभा के साथ ही शिक्षा जगत में समाज के सिरमौर व प्रबुद्ध वर्गो की मिटिंग बुलाकर इस पर चर्चा कर इस महाविद्यालय के पुन: प्रारंभ करने के लिए प्रयास अतिशीघ्र करने चाहिए थे लेकिन इस प्रकार का कोई प्रयास नहीं हुआ।**

**आप सभी से हमारी अपील है कि समाज के सभी वर्ग मिलकर सावित्री बाई फूले महाविद्यालय को पुनः नियमित संचालित करने हेतु महाविद्यालय की प्रंबध समिति से मांग करे जिससे महिला शिक्षा को समर्पित शिक्षा के मंदिर के अस्तित्व को बचाया जा सकें।**

# मातृश्री शरण ने बनाया अपना वार्षिक दीपोत्सव

जोधपुर। योग पर्यावरण व जीव सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था मातृ श्री शरण का प्रतिवर्ष की तहर वार्षिकोत्सव (दीपोत्सव) कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें सामूहिक सहयोग से असहाय बच्चों व महिलाओं के लिए भोजन, फल मिठाईयां व सैकड़ों की संख्या में कपड़े वितरित किए गए। जिसमें सहयोग देने वाले व लेने वालों का उत्साह चरम पर था। हमारी संस्कृति व सरकार के प्रति जागरूकता के कई कार्यक्रम इस अवसर पर प्रस्तुत किए गए। अपनी अपनी श्रद्धा से लोगों ने बच्चों के लिए पुस्तकें, पेंसिल, डिक्सनरी, खिलौने व कई अन्य वस्तुऐं भी भेंट की।

कार्यक्रम संयोजक दिलीप टाक ने बताया कि यह योग सेवा कार्यक्रम शांति भवन गार्डन, रामसागर मगरा में कई वर्षो से नियमित रूप से मनाते चले आ रहे है। पंताजलि योग समिति जोधपुर की ओर से सभी को जूस वितरण किया गया।

हौम्योपैथी डॉक्टर द्वारा संगम संस्था की तरफ से डेंगू व वायरल बुखार की दवाईयां नि:शुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस आयोन को सफल करवाने में बी. आर. बंशीवाल, अश्विनि स्वामी, पंचाराम, भगजी, जगदीश देवड़ा, पुखराज गहलोत, चेतन प्रकाश नवल व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का नि:स्वार्थ सहयोग रहा। आयोजन समिति द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।



सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में ओपनिंग फाइनल टच देने पहुंचे उनके बेटे श्री अनुज सैनी

# पद्म श्री स्वर्गीय श्री नेकचंद सैनी का मिनी रॉक गार्डन अब सर्बिया में दिखेगा



चंडीगढ। सिटी ब्यूटीफूल चंडीगढ की पहचान रॉक गार्डन को देखने पर्यटक विदेश से भी आते है। अब रॉक गार्डन खुद विदेश में भी नजर आयेगा। रॉक गार्ड सोसायटी 5 अक्टूबर से सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में मिनी रॉक गार्डन शुरू करने जा रही है। इस खास मौके पर हिस्सा बनने के लिए नेकचंद के बेटे अनुज सैनी ब्रेलग्रेड पहुंचे। बेलग्रेड से अनुज सैनी ने खास बातचीत में बताया कि सर्बिया ने अपने यहां एक म्यूजियम मिनी रॉक गार्डन की तर्ज पर बनाने की इच्छा जाहिर की है। यहां पर रॉक गार्डन के क्रिएटर नेकचंद द्वारा बनाए गए स्कल्पचर, गुडिया का गांव और वेस्ट मेटेरियल से बनी चीजें प्रदर्शित की गई। सर्बिया सरकार इसे मिनी रॉक गार्डन का नाम दे रही है। इसके लिए एक भव्य समारोह में आयोजित किया गया जिसमें दुनिया के जाने माने आर्टिस्ट इसे देखने पहुंच रहे है।



**वेनिस में लगी थी एग्जीबिशन :** अनुज ने बताया कि इससे पहले इटली के वेनिस में भी पद्म श्री नेकचंद के आर्टवर्क्स की एग्जीबिशन लगाई गई थी। इसमें वो आर्टवर्क्स पेश किये गए थे जो नेकचंद ने घर के टूटे फूटे सामा4 अक्न, टॉयलेट सीट, खराब चीजों को नया आकार देकर बनाया था। नेकचंद की जर्नी पर एक डॉक्यूमेन्ट्री भी इस एग्जीबिशन में दिखाई गई थी। अनुज के मुताबिक इस एग्जीबिशन में वह खुद भी मौजूद थे। इसके बाद सर्बिया ने मिनी रॉक गार्डन बनाने की इच्छा जाहिर की थी।

**प्रशासन ने भेजा अनुज सैनी ने सर्बिया :** अनुज ने बताया कि उन्हें चंडीगढ प्रशासन की ओर से सर्बिया भेजा गया है। सर्बिया पहुंचने पर जो सम्मान मिला है उससे बाउजी की यादें ताजा हो गई है। सर्बिया सरकार उन्हें विशेष मेहमान केतौर पर ट्रीट कर रही है। 3 और 4 अक्टूबर को वे यहां रॉक गार्डन के आर्टवक, स्कल्पचर आदि को फाइनल टच देंगे। यहां लोगों में रॉक गार्डन को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है।

चुटकी में पकड़ लेते है जहरीले जीव

# 435 से अधिक सांप व कई जंगली जीव पकड़ने वाले टार्जन कैलाश सैनी की खूबी

लक्ष्मणगढ। जंगली जानवरों के बीच बैखोफ रहने और काबू में करने वाले टार्जन के किस्से आपने टीवी या फिल्मों में खूब देंखे होंगे लेकिन लक्ष्मणगढ़ कस्बे में रहने वाले प्रयोगशाला सहायक कैलाश भी किसी टार्जन से कम नहीं है।

खेले खेल में जहरीले सांप और जंगली जीव पकड़ लेना इनके लिए भी चुटकी भर का काम है। अपनी इस खुबी के बलबूत अब तक ये कोबरा वाइपर सहित 435 से अधिक जहरीले सांप व 70 से अधिक विभिन्न जंगली जानवरों को पकड़कर पुनर्वासित कर चुके है जी हां हकीकत में टार्जन का किरदार निभाने वाले 39 वर्षीय कैलाश वर्तमान में मोदी स्कूल में कार्यरत है। इनके पास जैसे ही आबादी क्षेत्र या घरों में सांप सा अन्य किसी जंगली जीव जंतु निकलने की सूचना पहुंचती है तो ये निकल पड़ते है उसे सही सलामत पकड़ने के लिए। हालांकि जान जोखिम में डालने वाले इस काम का कैलाश कोई शुल्क नहीं लेते। पकड़ में आने के बाद संबंधित जानवर को जंगल या किसी दूसरी जगह पर पुनर्वासित कर देते है इनके इस जोखिम काम को देखकर लोग इन्हें टार्जन कहकर भी पुकारने लगे है जंतु



विज्ञान से एमएससी कर चुके कैलाश सैनी का कहना है कि जीव हत्या पाप है और डर तथा जागरूकता कीकमी के कारण लोग इनको मार डालते है जिसे देखकर मन में पीड़ा होती है इसके बाद इन जंगली जानवरों को बचाने की ठान ली और अब इनको पकड़कर पुनर्वासित भी करता हूं और डरे हुए लोगों की जान भी बच जाती है। कैलाश सैनी ने बताया कि जंतु विज्ञान की पढ़ाई में स्पष्ट किया हे कि सांप पारिस्थितिक संतुलन के महत्वपूर्ण अंग है। इनका अस्तित्व खत्म हो गया तो परिस्थितिक संतुलन भी गड़बड़ा जाएगा। ऐसे में इन जीवों से लोगों और लोगों को इनसे बचाने के लिए ''राजस्थान वाइल्ड लाइफ एण्ड नेचर सोसायटी'' एक संस्था बनाई है। जो इस कि, इस दिशा में काम करेगी। करीब सात साल पहले शुरू किए गए इस अभियान के दौरान वे साथी बुद्धिप्रकाश सैनी व सुनील चौधरी के साथ 80 फीसदी कोबरा व क्रेट सैडबोआ, वुल्फ स्नेक, ब्लैक रेट स्नेक, च्लॉसी बिल्ड रेसर, रेड स्पाटेड रॉयल आदि प्रजातियों के सांपों सहित 50 से अधिक दूसरे जंगली जीव जंतु पकड़कर जंगलों में छोड़ चुके है।

## स्व. भैराराम परमार की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का तृतीय आयोजन, 361 छात्र छात्राओं ने लिया भाग

# कैरियर बनाने के लिए जागरुकता व नियमित अध्ययन जरुरी: मुकेश सोलंकी





भीनमाल। नगर के क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी स्थित माली समाज भवन में रविवार दिनांक 8 अक्टूबर 2017 को संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान के तत्वावधान में स्व. भैराराम परमार की स्मृति में माली समाज की तृतीय जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन समारोहपूर्वक हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी ने कहा कि वर्तमान के शिक्षा युग में विद्यार्थियों को लगन व मेहनत से समाज में लक्ष्य बनाकर आगे बढना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कैरियर के लक्ष्य निर्धारण के साथ जागरूक रहकर अध्ययन करना होगा। सोलंकी ने छात्र-छात्रा व समाज हित में ऐसे आयोजनों के लिए संत लिखमीदास सेवा संस्थान की सराहना की। उन्होंने समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद छात्र छात्राओं को विद्यार्थी शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि धैर्य, लक्ष्य, सादगी, सरलता, उच्च विचार, ढ़ निश्चय से ही सफलता मिलेगी। जालोर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष नितिन सोलंकी ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व तराशने की महत्ती आवश्यकता है। सोलंकी ने कहा कि आज समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रधानाचार्य दशरथ सैनी ने कहा कि समाज में बेटा व बेटी में भेद रखने के व्यवहार को मिटाते हुए बालिकाओं को भी उच्च शिक्षा देने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य वेदप्रकाश सैनी ने कहा कि धैर्य के साथ लक्ष्य बनाकर अध्ययन करने से ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में शिक्षा प्राप्ति की भावना और उसी अनुरूप लक्ष्य हासिल करने को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चौहान ने कहा कि ज्ञान से ही व्यक्ति का भला होगा। उन्होंने आयोजन के लिए संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में धन खर्च करना धन का सही अर्थों में वास्तविक इंवेस्टमेंट है। चौहान ने महात्मा ज्योति बा फूले व सावित्री बाई फूले के सि)ांतों का अनुसरण करते हुए आगे बढने का आह्वान किया। संतोष परमार ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में जागृति आएगी। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा के बिना समाज व राष्ट्र का उत्थान नहीं होगा है। बालिका के शिक्षित होने पर ही समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार भली भांति हो पायेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम महात्मा ज्योति बा फूले और सावित्री बाई फूले के बताये शिक्षा के मार्ग पर चले। अंजु गहलोत जालोर ने बेटा-बेटी में भेद नहीं कर बेटियों को आगे बढ़ाने की बात कही। खीमाराम सोलंकी अगवरी ने कन्या भ्रूण हत्या पर बेटी की पुकार माँ मुझ पर कर उपकार... कविता की प्रस्तुति दी। सीतादेवी सुंदेशा ने कहा कि आज भी हमारे समाज में बालक बालिका में शिक्षा को लेकर जो भेदभाव बरता जा रहा है। उसे समाप्त कर हमें बालक बालिका को समान अवसर उपलब्ध करवाने होगें। उन्होंने अधिक से अधिक बालिकाओं को शिक्षा से जोडने का आह्वान किया। समारोह में यूको बैंक प्रबंधक अमराराम चौहान ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति जीवन में किसी भी व्यवसाय को सुन्दर एवं सुव्यवस्थित तरीके से कर सफलता अर्जित कर सकता है। शिक्षा केवल मात्र सरकारी नौकरी के लिए ही उपयोगी और जरूरी है ऐसा नहीं है। पूर्व पालिकाध्यक्ष जीएम परमार ने भीरू ग्रुप द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि आज शिक्षा प्राप्ति हमारा प्रथम उद्देश्य हो। संस्थान के अध्यक्ष छगाराम सांखला ने संस्थान के तत्वावधान में स्व. भैराराम परमार स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का तृतीय समारोह है। इसमें छात्र छात्राओं की बढती संख्या इसकी सफलता के संकेत देती है। कार्यक्रम का संचालन पारसमल सांखला व अंजु गहलोत ने किया। भामाशाह बाबुलाल परमार ने अतिथियों व आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में 235 व वरिष्ठ वर्ग में 126सहित 361 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में श्रवण कुमार परमार प्रथम, भरत कुमार व अशोक परिहार द्वितीय व हितेश गहलोत तृतीय रहे। वरिष्ठ वर्ग में मुकुन कुमार सुंदेशा प्रथम, द्वितीय विनोद कुमार सांखला व पुखराज गहलोत पीथापुरा तृतीय रहे। विजेता रहे प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार वितरण किए गए।

कार्यक्रम के दौरान प्रभुराम सांखला, भारताराम सुंदेशा, भभूताराम परमार, सुरेश सोलंकी, हंजारीमल परमार, बाबुलाल सुंदेशा, मुकेश सुंदेशा, विजयराज सांखला, प्रकाश सुंदेशा, सुरेश साँखला, किशोर कुमार सोलंकी, वितेश कुमार आहोर, मोहनलाल सुंदेशा, चतराराम सुंदेशा, भंवरलाल परमार, उम्मेदराज परमार, श्रवणकुमार सुन्देशा, दिनेश परमार, नारायणलाल परमार, लालाराम परमार, हंजारीमल परमार, कलाराम सुन्देशा, आसुराम सुन्देशा, मगनाराम सुन्देशा, बाबूलाल परिहार, समरथाराम सांखला, दीपाराम सांखला, रवि परमार, दुर्गाराम सोलंकी, किस्तुरमल सोलंकी, हीरालाल सोलंकी, मसराराम सांखला, सोमतमल सुन्देशा, शंकरलाल सुन्देशा, छगनलाल पंवार, जितेशकुमार सुन्देशा, कान्तिलाल परमार, किशोरकुमार सुन्देशा, विजय सोलंकी, प्रतिभा सोलंकी, दिनेश वत्सल, पूराराम परिहार खारूआ, निर्मला परमार, प्रवीण सीए, जितेन्द्र सीए, चतराराम सुन्देशा, भंवरलाल परमार, बाबूलाल परमार, हीरालाल सुन्देशा, नीता सोलंकी, रवि परमार, किशोर सांखला, वगताराम मोरसीम, वालाराम धानसा, पूराराम मोरसीम, भावाराम डुंगरवा, सोमतमल सांखला, किशोर सांखला, दिनेश परमार, चेतन जालोर, शंकरलाल जालोर व सुखराज परमार सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

समारोह के दौरान रेणुका सोलंकी, खुशी साँखला, यशस्वी सोलंकी, हिना गहलोत, रितु परमार, किरण सोलंकी, नीतु सुन्देशा, खुशी सुन्देशा, गुडिया सोलंकी, मीनाक्षी, वर्षा आदि छात्राओं ने कार्यक्रम में शानदार कार्यक्रम व नृत्यु की प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों को भाव विभोर कर दिया।

सैनी समाज क्लास भवन का शिलान्यास एवं दिपावली स्नेह मिलन समारोह

# कोचिंग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो, युवाओं को मिले फायदा – श्री ओ. पी. सैनी



झुंझुनूं। महात्मा फूले सेवा संस्थान द्वारा संचालित सैनी समाज क्लास भवन के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान सिविल सर्विसेज अपील ट्रिब्यूनल जयपुर के चेयरमैन श्री ओ. पी. सैनी के मुख्य आतिथ्यि में किया गया। इस अवसर पर श्री सैनी ने कहा कि सैनी समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए जयपुर ही नहीं अपने टारगेट में दिल्ली को भी शामिल करना होगा। शिक्षा के मंदिरों में निकलने के बाद कोचिंग आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि कोचिंग को ऐसा बनाए की प्रदेश के युवा इसका लाभ ले सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेतड़ी विधायक श्री पूर्णमल सैनी ने की। उप जिला प्रमुख श्री बनवारी लाल सैनी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान भूमि दानदाता परिवार को रिछपाल सैनी, डॉ. अनिता सैनी, प्यारेलाल, सावित्री देवी का शॉल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इससे पहले संस्थान के अध्यक्ष रमेश सैनी ने स्वागत भाषण के साथ संस्थान के




बारे में जानकारी दी। समारोह के दौरान भवन निर्माण के लिए गोपाल सैनी नाटास ने एक लाख तथा उद्योगपति ओमप्रकाश सैनी ने डेढ़ लाख रूपये की आर्थिक सहायता के लिए भेंट किए। इस अवसर पर नवलगढ़ चेयरमैन श्री सुरेन्द्र सैनी, पार्षद सुमित्रा सैनी, अनुभव चंदेल, भरत सैनी, छगनलाल धूपितया, चंदगीराम, ओमप्रकाश सैनी, भाजपा के इंद्राज सिंह सैनी, पार्षद प्रदीप सैनी, दिलीप सैनी, संतोष सैनी, प्रवीण सैनी, विनोद सिंगोदिया, अरविंद सैनी आदि उपस्थित थे।

# झुंझुनूं सैनी समाज ने किया 142 प्रतिभाओं का सम्मान






संस्था अध्यक्ष श्री घड़सीराम सैनी ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्षता कर रहे जे डी सैनी व जिला परिषद के उप जिला प्रमुख श्री बनवारी लाल सैनी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आईएएस में चयन होने पर राजेन्द्र सैनी, आईआईटी बीएचयू में चयन होने पर सुभाषचंद्र, एनआईटी श्रीनगर में चयन होने पर श्रीचंद सैनी सहित विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 142 लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक के. एल. सैनी, योगाचार्य महावीर प्रसाद कर्मचारी अधिकारी संघ जयपुर के अध्यक्ष हनुमान सिंह सैनी, राजस्थान दुकानदार यूनियन के उपाध्यक्ष किशन रामजीलाल, नवलगढ़ पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान ताराचंद सैनी, भाजपा ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष इंद्रराज सैनी, सरपंच मदनलाल कटारिया, पार्षद मनोज सैनी, राजेन्द्र सैनी सहित समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

झुंझुनूं। कुशवाह महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री किशोर कुमार टाक ने कहा कि वर्तमान हालात को देखते हुए समाज के लिए शिक्षा के साथ राजनीति भी जरूरी है। वे सैनी समाज कल्याण संस्थान की ओर से नरनारायण मंदिर में स्थित नर्बदा परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज संगठित होगा तो समाज के नेताओं को उनके पास जाकर टिकट मांगने की जरूरत नही होगी। बल्कि उनको आकर टिकट देनी पड़ेगी। नवलगढ़ के सवाई सिंग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान के साथ कमजोर बच्चों को प्रोत्साहन देना भी है। इससे पहले अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले समक्ष दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सैनी समाज क्लास भवन का शिलान्यास एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह

# कोचिंग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से युवाओं को मिले फायदा – श्री सैनी





झुंझुनूं ।महात्मा फूले सेवा संस्थान द्वारा संचालित सैनी समाज क्लास भवन के लिए शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान सिविल सर्विसेज अपील ट्रिब्यूनल जयपुर के चेयरमैन ओ.पी. सैनी थे।

उन्होंने कहा कि सैनी समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए जयपुर ही नहीं अपने टारगेट में दिल्ली को भी शामिल करना होगा। शिक्षा के मंदिरों में निकलने के बाद कोचिंग आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि कोचिंग को ऐसा बनाए की प्रदेश के युवा इसका लाभ ले सके। अध्यक्षता खेतड़ी विधायक पूर्णमल सैनी ने की। उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान भूमि दानदाता परिवार को रिछपाल सैनी, रामकौरी देवी, डॉ. दिनेश सैनी, डॉ. अनिता सैनी, प्यारेलाल, सावित्रि देवी का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इससे पहले संस्थान के अध्यक्ष रमेश सैनी ने स्वागत भाषण के साथ संस्थान के बारे में जानकारी दी। समारोह के दौरान भवन निर्माण के लिए गोपाल सैनी नाटास ने एक लाख तथा उद्योगपति ओमप्रकाश सैनी ने डेढ़ लाख रुपए की आर्थिक सहायता के लिए भेंट किए। इस अवसर पर नवलगढ़ चेयरमैन सुरेंद्र सैनी, पार्षद सुमित्रा सैनी, एडवोकेट अनुभव चंदेल, भरत सैनी, छगन लाल धूपिया, चंदगीराम, ओमप्रकाश सैनी, भाजपा के इंद्राज सिंह सैनी, पार्षद प्रदीप सैनी, मनोज सैनी, शिवदयाल सैनी, दिलीप सैनी, संतोष सैनी, प्रवीण सैनी, संतोष सैनी, विनोद सिंगोदिया, अरविंद सैनी, पवन सैनी आदि उपस्थित थे।

**मंडावा ।** मंडावा द्य होटलकासल में ठाकुर केशरी सिंह की अध्यक्षता में दीपावली स्नेह मिलन समारोह हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह, बनवारी लाल सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम धाभाई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सज्जन लाल मिश्रा, एसएचओ भंवर लाल कुमावत, ईओ भरत कुमार हरितवाल, पूर्व ईओ दिव्या, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, गोविंद जोशी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, चूड़ी सरपंच गिरवर सिंह,अजीतगढ़ सरपंच अशोक सिंह, सुभाष टेलर, गणेश जोशी,जाकिर बलवीर थलिया मौजूद थे।

# राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष ने दिलाई सैनी समाज की कार्यकारिणी को शपथ



दौसा। सैनी सामाजिक उत्थान समिति, जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज छात्रावास में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने कहा कि समाज के युवा रचनात्मक कार्यो के जरिए अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मांगीलाल पंवार, नगर पालिका लालसोट के अध्यक्ष जगदीश सैनी, जिला वाणिज्य कर अधिकारी भागचंद सैनी एवं मोहनलाल ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी ने कहा कि समाज में शिक्षा का बढ़ावा दें तथा कुरीतियों के खात्मे के लिए आगे आएं। शपथ ग्रहण समारोह का प्रारंभ अतिथियों ने महात्मा फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र सैनी ने कार्यकारिणी की घोषणा की। राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

# सभी माली सैनी समाज गौरव



माली समाज गौरव
**श्री आनन्द सैनी** का RAS 2016 में चयन



माली समाज गौरव
**श्री अतुल सैनी** का RAS 2016 में चयन



माली समाज गौरव
**श्री अणदाराम परिहार** का RAS 2016 में चयन



माली समाज गौरव
**श्री नर्सिंग टाक** का RAS 2016 में चयन



भावना सैनी D/o रमेश सैनी निवासी सैनी पुरा रोहतक ने जिमनास्टिक में 1st पोजीशन प्राप्त की और नेशनल के लिए चुनी गई।



## माली छात्र संघ, मथानियां के अध्यक्ष पद श्री जेठूसिंह परिहार 3बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित।

मथानियां। माली समाज के 31 वर्ष पुरानी माली छात्र संघ मथानियां के चुनाव में एक बार पुनः श्री जेठूसिंह परिहार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

श्री जेठूसिंह परिहार द्वारा अपने कार्यकाल में सभी पदाधिकारियों एवं समाज के युवा वर्ग के सहयोग से छात्रसंघ में वर्ष 2015 में 4,70,000 रूपये, वर्ष 2016 में 5,00,000/- रूपये तथा वर्ष 2017 में 9,00,000/- रूपये दानदाताओं के सहयोग से प्राप्त किये जिससे विद्यार्थियों हेतु 36 पंखे, 23 कम्पयूटर बैठने का फर्नीचर व पूरा परिसर वाई-फाई युक्त किया साथ ही ऑन लाईन टेस्ट की भी व्यवस्था की। पूरे परिसर में सी. सी. टी. वी. से निगरानी रखी जाती है तथा वर्तमान में यहां प्रतियोगी परिहक्षाओं की तैयारियां करवाई जा रही है जिसमें करीब 300 विद्यार्थी अध्यनरत है। ज्ञात रहे श्री जेठूसिंह परिहार व उनकी युवा टीम तन मन धन से समर्पित होर निःस्वार्थ भाव से समाज के युवाओं हेतु कार्य कर सामाजिक सेवा कर रहे है। समाज के प्रबुद्ध वर्गो ने सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए समाज की ओर से पूर्व की भांति हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

हार्दिक बधाई

**माली सैनी संदेश परिवार की ओर से सभी युवाओं का हार्दिक अभिनंदन**

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर

श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर

श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुंबई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू (पं.समिति सदस्य) सुपुत्री श्री ढूलाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल पुत्र(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमामराम गहलोत, तिंवरी
श्री लिखराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है**

डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।

**सदस्यता राशि**

| दो वर्ष रु. 400/- | पांच वर्ष रु. 900/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, **9828247868**

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर

# माली संस्थान द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं गर्ल्स हॉस्टल के शुभारंभ की झलकियां

























Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19









*Your Personal Home Maker*

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

*Vineet Gehlot*

shrigehlothandloom@gmail.com

**श्री GEHLOT HANDLOOM**

EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING

PARKING FACILITY AVAILABLE

**130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198**

स्वत्वाधिकारी संपादक/मालिक/प्रकाशक/मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर -7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर ( राजस्थान ) से प्रकाशित।
फोन : 94144 75464, हेल्प लाईन : 9828247868
ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR